Kg. vide notification dated 25.11.93. As per DPCO, 1995, it is outside the perview of price control. Also, this drug is deliccnsed, vide Press Note No. 4 (1994 series) dated 25.10.94 consequent to announcement of "Modificaitons in Drug Policy, 1986 in September, 1994.

सिंचाई परियोजनाओं की तुलनात्मक लागत संबंधी अनुमान

*285. **श्री जनार्दन यादव** : क्या जल संसाधन मंत्री 01 दिसमबर, 1995 को राज्य सभा में अतारांकित प्रश्न 651 के दिए गए उत्तर को देखेंगे और वह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या बड़ी और मध्यम सिंचाई परियोजनाओं की तुलना में लघु सिंचाई परियोजनाओं पर प्रति हेक्टेयर सिंचाई क्षमता पैदा करने के मामले में अपेक्षाकृत कम लागत आती हैं; और

(ख)यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या हैं?

जल संसाधन मंत्री एवं संसदीय कार्य मंत्री (**श्री विद्याचरण शुक्ल**) : (क) और (ख) लघुए (माइनर) सिंचाई परियोजनाएं दो प्रकार की हो सकती हैं- धरातलीय जल आधारित और भूजल आधारित। लघु धरातलीय सिंचाई योजनाएं बड़ी और मझौली परियोजनाओं की तुलना में प्रति हेक्टेयर लागत के हिसाब से अपेक्षाकृत सस्ती हो सकती हैं। भूजल आधारित सिंचाई परियोजनाएं अपेक्षाकृत सस्ती, हो सकती हैं यदि उनके केवल सीधे निवेश पर विचार किया जाए। तथापि, यदि नलकूपों/पंपसेटों को ऊर्जित करने की निवेश लागत और प्रचालन एवं रखरखाव लागतों को ध्यान में रखा जाता हैं तो ये योजनाएं भी बड़ी एवं मझौली परियोजनाओं की तलना में कम लागत की साबित नहीं होती।

Consultation with State Governments for Banning the use of Pesticides

*286. SHRI YERRA NARAYANA-SWAMY: Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether Government have consulted State Governments on the issue of banning the use of some pesticides in agricultural operations;

(b) if so, the details of this consultative machinery;

(c) the frequency of consultations with State Governments in this regard; and

(d) the weightage given to the views of State Governments on the banning of any pesticides in agricultural operations?

THE Minister of Agriculture (SHRI BALRAM JAKHAR): (a) Yes, Sir.,

(b) and (c) The Expert Committees constituted by the Government during 1984 and 1989 for the review of pesticides had amongst others invited views from the State Governments.

(d) The Committee had given due consideration to the views of State Governments.

अनुसूचित जातियों/अनुसूचित जनजातियों के शिक्षित बेरोजगारों युवाओं के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र खोला जाना

*287. **श्री दिलीप सिंह जूदेव** : क्या कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क)क्या सरकार द्वारा अनुसूचित जातियो और अनुसूचित जनजातियों के शिक्षित बेरोजगारों युवाओं को वैकल्पिक रोजगार उपलब्ध करवाने की दृष्टि से वर्ष 1993-94 से व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र खोलने की एक योजना लागू की गई थी;

(ख)यदि हां, तो क्या यह सच हैं कि सरकार द्वारा मध्य प्रदेश में केवल तीन व्यावसायिक प्रशिक्षण केन्द्र खोले जाने की स्वीकृति दी गई हैं। जबकि राज्य मे अनुसूचित जातियो और अनसूचित जनजातियो की आबादी क्रमश: लगभग एक करोड़ और डेढ़ करोड़ है;

(ग)यदि नहीं, तो क्या सरकार आवश्यकता के अनुसार और प्रशिक्षण केन्द्र खोलने का विचार कर रही हैं?

कल्याण मंत्री (**श्री सीताराम केसरी**) : (क) आदिवासियों को व्यावसायिक प्रशिक्षण देने के लिए तीन योजनाएं हैं:

(1)आदिवासी युवकों के लिए वर्ष 1992-93 में आरम्भ की गई आदिवासी